दिनांकः 16.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–कृषि क्षेत्र 3 दशमलव 7 प्रतिशत की दर से प्रगति कर रहा है
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शेखावाटी अंचल की हवेलियों को टूरिज़्म हब के रूप में विकसित करने की बात कही–अब 662 हवेलियां चिन्हित।
- आयकर रिटर्न भरने की सीमा एक दिन बढ़ी–आज रात 12 बजे तक आईटीआर दाखिल की जा सकेगी।
- प्रदेश में कल से ग्रामीण और शहरी सेवा शिविर आयोजित किये जाएंगे।
- विश्व ओज़ोन दिवस के अवसर पर जागरुकता रैलियों सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन।

000

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश का कृषि क्षेत्र तेज गति से बढ़ रहा है। ये क्षेत्र तीन दशमलव सात प्रतिशत की दर से प्रगति कर रहा है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। वे कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन–**रबी अभियान 2025** को संबोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने इस सफलता का श्रेय किसानों और वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत तथा सरकार की नीतियों को दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए राज्य और केंद्र सरकार समन्वय से काम करते रहेंगे। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि नकली ऊर्वरकों, बीजों और कीटनाशकों के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

................

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि शेखावाटी अंचल की हवेलियां प्रदेश की अनमोल धरोहर हैं। इस समृद्ध विरासत की हर संभव सुरक्षा और रख–रखाव किया जाएगा। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में शेखावाटी विरासत संरक्षण संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं, सीकर और चूरू में अब तक 662 हवेलियों को चिन्हित किया जा चुका है। इन्हें अब टूरिज़्म हब के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर हैरिटेज वॉक, सांस्कृतिक केन्द्र, आर्ट गैलेरी और होम स्टे की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि शेखावाटी के रामगढ़, नवलगढ, खेतरी, लक्ष्मनगढ, फतेहपुर की विरासत के संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों की संयुक्त समिति गठित की जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र पर्यटन में सिरमौर बन रहा है। इस साल के शुरूआती छह महीनों में ही झुंझुनूं, सीकर और चूरू में लगभग एक करोड़ नब्बे लाख घरेलू पर्यटक और 33 हजार से ज्यादा विदेशी सैलानी आए।

000

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड–सीबीडीटी ने वर्ष 2025–26 के लिए आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख एक दिन बढ़ा दी है। अब आईटीआर आज रात 12 बजे तक भरी जा सकेगी। आयकर विभाग ने कल देर रात सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख पहले 31 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर 15 सितम्बर किया गया था। विभाग ने बताया कि आकलन वर्ष 2025–26 के लिए अब तक सात करोड़ से अधिक रिटर्न भरे जा चुके हैं।

000

जैसलमेर सीमेंट हब बनने की ओर बढ़ रहा है। खनन विभाग की ओर से सीमेंट कम्पनियों को संयंत्र लगाने के लिए जिले में आठ नये ब्लॉक आवंटित किये गये हैं। इससे बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

............

000

कर्मचारी चयन आयोग ने बड़े पैमाने पर **संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा–2025** रद्द किए जाने की सोशल मीडिया खबरों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने बताया कि यह भर्ती परीक्षा पूरे देश में सभी केन्द्रों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रही है। आयोग ने परीक्षार्थियों को आश्वस्त किया कि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रहेगी।

000

राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 के लिए आवेदन आज से किये जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितम्बर है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि दसवीं और बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए ये परीक्षा आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि इस साल 16 नवम्बर को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

000

प्रदेश में कल से **ग्रामीण और शहरी सेवा शिविर** आयोजित किये जाएंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण और आवश्यक सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से सफाई व्यवस्था सुधार, नालियों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग स्थल चिन्हिकरण, लीज़ होल्ड और फ्री होल्ड पट्टे जारी करने सहित कई काम किये जाएंगे। वहीं ग्रामीण सेवा शिविरों के जरिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन और स्वीकृति के काम होंगे। इसके साथ ही रास्ता खोलने, स्वामित्व पट्टे बनाने, गिरदावरी करवाने, क्षतिग्रस्त स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों के सुधार सहित अन्य काम किये जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर कल से कई कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। शिक्षा विभाग कल प्रदेशभर में **मेगा पीटीएम** आयोजित करेगा। इस दौरान दस लाख पौधे लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है। कल से ही **स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान** और **सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े** का भी शुभारंभ होगा। वहीं भारतीय जनता पार्टी की ओर से कल से **सेवा पर्व पखवाड़े** का शुभारंभ होगा। इसे स्वच्छता ही सेवा थीम पर मनाया जाएगा।

000

जीएसटी परिषद की तीन सितम्बर को हुई बैठक के बाद कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की घोषणा की गई है। इससे लोगों को व्यापक स्तर पर राहत मिलेगी। 22 सितम्बर से लागू होने वाली नई दरों में आज हम बात कर रहे हैं कृषि क्षेत्र के सुधारों पर।

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने कृषि क्षेत्र में जीएसटी में कमी कर किसानों को राहत दी है। 1800 सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों पर टैक्स 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। टायर और ट्यूब, हाइड्रोलिक पम्प सहित ट्रैक्टर के पुर्ज़ों पर जीएसटी दर 18 से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है।

विशिष्ट जैव–कीटनाशक, सूक्ष्म पोषक तत्व, ड्रिप सिंचाई प्रणाली और स्प्रिंकलर सहित कई अन्य कृषि मशीनों पर भी कर दर 12 से घटाकर 5 फीसदी की गई है। इन बदलावों से खासकर छोटे और मध्यम किसानों को फायदा होगा। कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों में कमी से खेती की लागत कम होगी। नई कर दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी।

000

आज विश्व ओज़ोन दिवस है। सरकार की ओर से भी वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ईवी पॉलिसी लागू की गई है। एयर क्वालिटी की जांच के लिए भी भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर प्रदूषण मापक यंत्र लगाये जा रहे हैं। इसके साथ ही औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी के लिए उद्योगों की नियमित जांच और सड़कों पर धूल की रोकथाम के लिए स्वीपिंग मशीनों से सफाई की जा रही है। आज़ोन दिवस पर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भरतपुर में आज रैली निकालकर इसके महत्व की जानकारी दी गई। सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को ओज़ोन परत और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरुक किया जा रहा है।

000